ANNUAL REPORT 2012-13

ISPRL

इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्वस् लिमिटेड

(ओ.आई.डी.बी.की पूर्ण स्वामित्व की सहायक कम्पनी)

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Strategic Petroleum Reserves Limited

(A wholly owned subsidiary of OIDB)

Ministry of Petroleum & Natural Gas, Govt. of India

निदेशक मंडल
Board of Directors

Shri Vivek Rae
Chairman

Shri Rajive Kumar
Director

Dr. Subhas Chandra Khuntia
Director

Shri L. N. Gupta
Director Incharge



Rajesh Kumar Singh
Director

विषय सूची
CONTENTS

1.	निदेशक मंडल	2
	Board of Directors	**35**
2.	निदेशक रिपोर्ट	4
	Directors' Report	**37**
3.	लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	12
	Auditors' Report	**44**
4.	वार्षिक लेखे 2012-13	16
	Annual Accounts 2012-13	**48**
5.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां	34
	Comments of Comptroller & Auditor General of India (C&AG)	**66**

निदेशक मंडल

दिनांक 18, नवम्बर, 2013 को

श्री विवेक रे	अध्यक्ष	08 फरवरी, 2013 से
श्री राजीव कुमार	निदेशक	17 जून, 2013 से
डा0 सुभाष चन्द्र खुंटिआ	निदेशक	09 अगस्त, 2012 से
श्री एल. एन. गुप्ता	निदेशक	17 जून, 2013 से
श्री आर. के. सिंह	निदेशक	15 जुलाई, 2013 से

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
श्री राजन के. पिल्लै

कंपनी सचिव
श्रीमती भव्या गुप्ता

सांविधिक लेखा परीक्षक
मैसर्स जे डी ए एण्ड कंपनी,
चार्टर्ड एकाउंटेन्ट्स
904 एण्ड 906, शाहपुरी तीर्थ सिंह टॉवर, सी – 58,
कम्युनिटि सेंटर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110 058

बैंकर्स

कार्पोरेशन बैंक
एम–41, कनॉट सर्कस,
नई दिल्ली–110 001

पंजीकृत कार्यालय
301, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, तृतीय तल, बाबर रोड़, नई दिल्ली–110 001

प्रशासनिक कार्यालय
ओ.आई.डी.बी. भवन, तीसरी मंजिल, प्लॉट न. 2, सैक्टर – 73, नोएडा– 201301, उ. प्र.
फोन : 91–120–2594641, फैक्स : 91–120–2594643
वेब साईट : www.isprlindia.com
ई–मेल : isprl@isprlindia.com

विशाखापटनम् परियोजना कार्यालय :
लोवागार्डन, एच.एस.एल. फैब्रिकेशन यार्ड के पीछे,
गाँधीग्राम पोस्ट, विशाखापटनम्–530 005
फोन : 0891-2574059, फैक्स : 0891-2573503

मंगलौर परियोजना कार्यालय :
स्ट्रेटेजिक स्टोरेज ऑफ क्रुड आयॅल प्रोजेक्ट,
चन्द्राहास नगर, परमुडे पी.ओ, मंगलौर–574 509
फोन : 0824-3006100, फैक्स : 0824-3006111

पादुर परियोजना कार्यालय :
पीओ : पादुर, वाया कापू, जनपद उडुपी–574 106
कर्नाटक
फोन : 0820-2576683, फैक्स : 0820-2576629

निदेशक रिपोर्ट

सेवा में,

शेयर धारक,
इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्वस लिमिटेड

आपकी कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी की कार्यप्रणाली पर 31 मार्च, 2013 को समाप्त वित्तीय वर्ष की 9वीं वार्षिक रिपोर्ट, संपरीक्षित लेखा विवरण तथा उस पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट सहित, सहर्ष प्रस्तुत कर रहा है।

कंपनी

आपकी कंपनी, इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्वस लिमिटेड (आईएसपीआरएल) तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी), भारत सरकार द्वारा संस्थापित एक सांविधिक निकाय, की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में कार्य कर रही है। दिनांक 31 मार्च, 2013 को कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी 10 रूपये प्रत्येक के 2,39,70,00,000 (दो सौ उन्नतालीस करोड़ एवं सत्तर लाख) इक्विटी शेयरों को मिलाकर रूपये 2,397 (दो हज़ार तीन सौ सत्तानवै) करोड़ थी और कंपनी की प्रद्धत्त शेयर पूंजी 10 रूपये प्रत्येक के 1,96,92,68,020 (एक सौ छयानवै करोड़ बानवै लाख अडसठ हज़ार बीस करोड़) इक्विटी शेयरों को मिलाकर रूपये 19,69,26,80,200 (एक हज़ार नौ सौ उनहत्तर करोड़ छब्बीस लाख अस्सी हज़ार दौ सौ) थी, [इक्वटी शेयर पूंजी के प्रति रूपये 374.21 करोड़ (रूपये तीन सौ चौहत्तर करोड़ ईक्कीस लाख) अग्रिमों को छोड़कर, आंबटन प्रलंबित]।

कंपनी के मुख्य उद्देश्य निम्न प्रकार हैं:

- कच्चे पदार्थ का स्वामित्व और अपने तेल की सूची पर नियंत्रण करना और उसके रिलीज़ का समन्वय एवं स्टॉक का प्रतिस्थापन निम्नलिखित के अधीन व अनुपालन में करना :

  क) इन्वेंट्री खरीद और पुनः पूर्ति सरकार द्वारा गठित एक सशक्त समिति के माध्यम से किया जाएगा;

  ख) भंडारण से स्टॉक केवल सरकार के विशेष निर्देशों से ही निकाला जाऐगा सिवाय गुणवत्ता की आवश्यकता और मरम्मत और रख रखाव के लिए किए जाने वाले कच्चे तेल के संचार को छोड़कर। रिफाइनरियों को कच्चा तेल लागत मूल्य से कम मूल्य पर नहीं दिया जाएगा ।

- भंडारण, हैंडलिंग, निर्वहन, ढुलाई, परिवहन, प्रेषण, आपूर्ति, बाजार अनुसंधान, सलाह, परामर्श, सेवा प्रदाताओं, दलालों और एजेंटों, इंजीनियरिंग और सिविल डिजाइनरों, ठेकेदारों, घटवालों, गोदाममालिकों, उत्पादकों, तेल और तेल उत्पादों, गैस और गैस उत्पादों, पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों, ईंधन, स्प्रिट, रसायन, सभी प्रकार और तरह के तरल पदार्थ के डीलरों और यौगिकों, डेरिवेटिव्स, मिश्रणों, तैयारियों और उसके उत्पादों संबंधी व्यवसायों को संपादित करना है।

वित्तीय परिणाम

31 मार्च, 2013 को समाप्त वित्तीय वर्ष के आपकी कंपनी के वित्तीय नतीजों की मुख्य विशेषताएं नीचे दर्शायी गई हैं :

क्र.सं.	विवरण	रूपयों में आंकड़े		तुलन पत्र के लिए संदर्भ
(क)	1 अप्रैल 2012 को कार्य में प्रगति का प्रारंभिक शेष		14,88,03,33,737	**नोट 9 बी (i) -** 31.03.2012 का अंतिम शेष
(ख)	वर्ष के दौरान पूर्व प्रचालन व्यय		8,03,23,06,067	**नोट 9 बी (i) -** 31.03.2013 के अंतिम शेष और 31.03.2012 के अंतिम शेष के बीच अंतर
(ग)	स्थायी परिसंपत्तियों में वृद्धि		(21,15,558)	**नोट 9 ए -** वर्ष के दौरान निवल वृद्धि
(घ)	निवल गैर मौजूदा परिसंपत्तियां {(I)- (ii)}		(6,50,46,550)	
	(i) गैर मौजूदा परिसंपत्तिया (दीर्घकालिक ऋण एवं अग्रिम)	40,11,46,045		**नोट 10**
	(ii) गैर - मौजूदा देयताएं	46,61,92,595		**नोट 5**
(ङ)	निवल मौजूदा परिसंपत्तियां {(i)- (ii)}		(96,93,66,649)	
	(i) वर्तमान परिसंपत्तियां	52,95,54,843		**तुलन पत्र -** वर्तमान परिसंपत्तियां
	(ii) वर्तमान देयताएं	1,49,89,21,492		**तुलन पत्र -** वर्तमान देयताएं
(च)	संचित हानि		(20,52,49,747)	**नोट 4 -** भंडार और अधिशेष
कुल व्यय (क+ख+ग+घ+ङ+च)			**21,67,08,61,300**	

कार्य निष्पादन का संक्षिप्त विवरण

आपकी कंपनी को 5.33 एम.एम.टी. के कार्यनीतिक कच्चे तेल के भंडारण की स्थापना करने का आदेश हुआ है (इसमे हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड से सहभाजित होने वाली 0.30 एम.एम.टी. भी शामिल है)। कार्यनीतिक रिज़र्वस के निर्माण हेतु चुने गए स्थान विशाखापट्टनम (1.33 एमएमटी), मंगलौर (1.5 एमएमटी) तथा पादुर (2.5 एमएमटी) हैं। सितंबर 2005 के मूल्यानुसार कार्यनीतिक भंडारण सुविधाओं के निर्माण की पूंजीगत लागत मूल रूप से 2,397 करोड़ रुपये आंकी गई थी। विशाखापट्टनम का संशोधित लागत अनुमान (आरसीई) का अनुमोदन जून, 2011 में प्राप्त कर लिया था। मंगलौर और पादुर के लिए आरसीई का अनुमोदन नवम्बर, 2013 में प्राप्त कर लिया गया है। तीनों स्थलों की आरसीई इस प्रकार है : विशाखापट्टनम – रूपये 1,038 करोड़, मंगलौर – रूपये 1,227 करोड़ और पादुर – रूपये 1,693 करोड़। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) में लिए गए निर्णय के अनुसार, अपेक्षित पूंजीगत लागत ओआईडीबी के पास मौजूदा धन में से पूरी की जाएगी। स्ट्रेटेजिक भंडारणों के संचालन और रखरखाव की लागत ओईडीबी के धन राशि से पूरी की जाएगी। भारत सरकार के योजना आयोग ने कच्चा तेल भरने के लिए रूपये 4,948 करोड़ बाहरवीं पंच वर्षीय योजना 2012–17 में आवंटित किये हैं।

आपकी कंपनी ने अपने उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में अनेक कदम उठाए हैं और परियोजनाओं की स्थिति निम्न प्रकार है :

1. विशाखापट्टनम (भंडारण क्षमता : 1.33 एमएमटी)

इंजिनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) को परियोजना प्रबंधन सलाहाकार (पीएमसी) के रुप में नियुक्त किया गया है।

परियोजना के लिए आवश्यक 67 एकड़ भूमि में से 37 एकड़ भूमि विशाखापट्टनम पोर्ट ट्रस्ट से पट्टे पर ले ली गई है तथा शेष 30 एकड़ भूमि के लिए पूर्वी नौसेना कमांड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। वैधानिक निर्बाधताएं प्राप्त कर ली गई हैं। अनुपूरक स्थल जांच पड़ताल के बाद, अतिरिक्त क्षमता की कम सीमांत लागत का लाभ उठाने के लिए कैवर्न की क्षमता 1.33 एमएमटी तक बढ़ा दी गई है और सरकार ने इसका अनुमोदन दे दिया है।

भूमिगत कार्य मैसर्ज हिन्दुस्तान कंस्ट्रक्शटन कंपनी द्वारा किया जा रहा है। 31 मार्च, 2013 तक 18.9 लाख क्यूबिक मीटर खुदाई का कार्य पूरा हो चुका था। भूतल से ऊपर की भूमि से संबंधित कार्य मैसर्ज आईओटीआईईएसएल द्वारा किया जा रहा है। 31 मार्च, 2013 तक क्रूड़ सबमर्सिबिल पंप एवं सीपेज वाटर पंप आदि जैसे प्रमुख संवेदनशील मद कैवर्न बी की शाफ्ट में सीपित कर दिए गए थे। प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य पूरा हो गया है और कब्ज़ा कर लिया है। कंट्रोल रूम और इलेक्ट्रिक सबस्टेशन का कार्य पूरा होने को है। बॉयलर एवं नाइट्रोजन टैंक खड़े कर दिए गए हैं। पाइप रैक खड़े किए जा रहे हैं। दिनांक 31 मार्च, 2013 को परियोजना की कुल प्रगति 92 प्रतिशत थी। अप्रैल, 2011 में कैवर्न ए 1 में एक चट्टान की पहाड़ी गिरने की घटना से कार्य के पूरा करने के शडयूल पर प्रतिकूल असर पड़ा है। मैकेनिकल कम्पलीशन की प्रत्याशित तिथि कैवर्न ए1 की खुदाई पूरी होने पर निर्भर करेगी। तब कैवर्न ए 1 को प्रक्रिया सुविधाओं के पूरा होने के लिए भूमि के ऊपरी कार्य को करने वाले ठेकेदार को सौंप दिया जाएगा। मैकेनिकल कम्पलीशन और प्री–कमीशनिंग गतिविधीयों की कम्पलीशन की प्रत्याशित तिथि जून, 2014 है।

विशाखापट्टनम में भूमि से ऊपर की सुविधाओं का परिदृश्य

2. मंगलौर (भंडारण क्षमता : 1.5 एमएमटी)

ईआईएल को परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रुप में नियुक्त किया गया था। मंगलौर कैवर्न के लिए चिन्हित भूमि मंगलौर एसईजैड क्षेत्र के अंतर्गत आती है और 104.73 एकड़ भूमि मंगलौर स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (MSEZL) से अधिग्रहण कर ली गई है। वैधानिक मंजूरी प्राप्त कर ली गई है।

भूमिगत सिविल कार्य मैसर्स एस के इंजिनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन और करम चंद थापर के संयुक्त उद्यम (एसकेईसी–केसीटी जेवी) के माध्यम से किया जा रहा है। 31 मार्च, 2013 तक 22.65 लाख क्यू. मीटर खुदाई कार्य में से कुल 20.28 लाख क्यूबिक मीटर खुदाई का कार्य पूरा हो गया है। सुरंग के 9.16 किलो मीटर के समस्त कार्य पूरे किए जा चुके थे। सभी शाफ्ट का कार्य पूरा

कर लिया गया था जिसकी यौगिक लंबाई 232.4 मीटर है। भूमि के ऊपरी कार्य मैसर्ज पुंज लायड को 329.979 करोड़ रूपये की लागत पर दिए गए थे। तथापि, परियोजना की समाप्ति, सभी खुदाई के कार्य एवं कैवर्न में फर्श बनाने और पाइपलाईन बिछाने जिसके लिए कार्य अभी दिया जाना है, पर निर्भर होगा। साइट ग्रेडिंग गतिविधियां और संयंत्र भवनों का निर्माण प्रगति पर है। 31.03.2013 तक परियोजना की कुल प्रगति 77.7 प्रतिशत रही। प्रोजेक्ट का मकैनिकल कम्पलिशन अक्टूबर 2014 में प्रत्याशित है।

एमएसईजैड के भीतर फ्री ट्रेड वेयरहाउसिंग जोन (एफटीडब्ल्यूजैड) के सह–विकासक के रुप में मंगलौर परियोजना के लिए वाणिज्य मंत्रालय का अनुमोदन 12 अगस्त, 2010 को प्राप्त हो गया था। आईएसपीआरएल ने एफटीडब्ल्यूजैड होने के परिणाम स्वरूप उपचयगत कर लाभ प्राप्त करना आरंभ कर दिया है।

मंगलौर स्थित चार कैवर्न गैलरियों में से एक का परिदृश्य

3. पादुर (भंडारण क्षमता : 2.5 एमएमटी)

ईआईएल को परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रुप में नियुक्त किया गया था। कर्नाटक सरकार से राज्य की उच्च स्तरीय मंजूरी समिति द्वारा परियोजना की मंजूरी प्राप्त कर ली गई थी और उडूपी जिले के पादुर/हेरुरु गांवों में कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) के माध्यम से भूमि अधिग्रहण कर ली है। पादुर में लगभग 182 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है जिसमें से 138.57 एकड़ भूमि को औपचारिक रूप से सौंप दिया गया है और शेष भूमि के लिए, जो सरकारी जमीन है, दस्तावेज संसाधित किए जा रहे हैं।

भूमिगत सिविल कार्य को दो भागों अर्थात भाग ए व भाग बी में बांटा गया। भाग ए का कार्य मैसर्ज एचसीसी को 374.66 करोड़ रुपये में तथा भाग बी का काम मैसर्ज एसकेईसी–केसीटी जेवी को 375.92 करोड़ रुपये में दिनांक 29.12.2009 को दिया गया था। चूंकि, 29.05.2010 को केआईएडीबी द्वारा भुमि आईएसपीआरएल को सौंपी गई और इसलिए निर्माण गतिविधियां प्रारंभ करने की शून्य तिथि 29.05.2010 मान ली गई। 31 मार्च, 2013 तक 36.65 लाख क्यू. मीटर खुदाई कार्य में से कुल 34.60 लाख क्यूबिक मीटर खुदाई का कार्य पूरा हो गया था और सुरंग के 13.45 किलो मीटर के समस्त कार्य पूरे किए जा चुके थे। भूमि के ऊपर कार्य मैसर्ज लिंडे इंजिनियरिंग को दिनांक 11.11.2011 को 354.25 करोड़ रूपये मूल्य पर दिया गया। प्रोजैक्ट का मैकेनिकल कंपलिशन अक्टूबर, 2014 में प्रत्याशित है। परियोजना की समाप्ति, फिलिंग के लिए पाइपलाईन बिछाने और कैवर्न की निकासी जिसके लिए कार्य अभी दिया जाना है, पर निर्भर होगा। 31.03.2013 तक परियोजना की कुल प्रगति 77.1 प्रतिशत रही।

मंगलौर–पादुर पाइपलाइन के प्रयोग के अधिकार (आरओयू) अर्जन हेतु, केआईएडीबी के विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी (एसएलएओ) को भूमि अधिग्रहण अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। आर ओयू का अर्जन केआईडीबी द्वारा किया जा रहा है और पेट्रोलियम और खनिज पाईपलाइन (भूमि मे उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 की धारा 3(1) के अधीन अधिसूचना जनवरी, 2011 में जारी कर दी गई है। आरओयू के लिए पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन (भूमि मे उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 की धारा 6(1) के अधीन, पूरे क्षेत्र के लिए (36 कि. मी.) उडूपी ज़िले के केवल एक गांव को छोड़कर, घोषणा जारी करने के लिए भेज दी गई है।



पादुर स्थित कैवर्न का परिदृश्य जो कैवर्न गैलरियों के लिए पहुंच प्रदान करता है

4. स्ट्रेटेजिक भंडारण कार्यक्रम का चरण – II

जुलाई, 2011 में स्ट्रेटेजिक भंडारण कार्यक्रम के चरण – II के लिए विस्तृत संभाव्यता रिपोर्ट (डीएफआर) की तैयारी का कार्य ईआईएल को दिया गया था। पूर्वसंभाव्यता स्तर के आधार पर चार साइटों का पता लगाया गया जो निम्न प्रकार है:

1. पादुर 5 एमएमटी (भूमिगत रॉक कैवर्नस)
2. चंडीखोल 2.5 एमएमटी (भूमिगत रॉक कैवर्नस)
3. बीकानेर 2.5 एमएमटी (सॉल्ट कैवर्नस)
4. राजकोट 2.5 एमएमटी (भूमिगत कन्क्रीट टैंकस)

स्ट्रेटेजिक भंड़ारणों के चरण 1 के अधीन तीन स्थलों पर भूमिगत रॉक कैवर्नस निर्माणाधीन हैं और ईआईएल के पास डीएफआर के साथ आगे बढ़ने के लिए और पादुर तथा चंडीखोल परियोजनाओं के आगे के कार्यान्वयन के लिए तकनीकी जानकारी उपलब्ध है।

अन्य दो प्रौद्योगिकियों के लिए अर्थात साल्ट कैवर्नस और भूमिगत कंक्रीट टैंक्स, नई प्रौद्योगिकियां होने के नाते देश में अपेक्षित ज्ञान उपलब्ध नहीं है, अतः विदेशी बैक-अप सलाहकार की सेवांए आवश्यक हैं।

राजकोट में, कच्चे तेल का भंडारण डबल रोकथाम (Containment) सिद्धांत के अधीन भूमिगत कंक्रीट टैंकों में होगा जो देश में पहली बार कार्यान्वित होगा। हालांकि, इस तरह की तकनीक 6 एमएमटी कच्चे तेल हेतु साउथ अफ्रीका गणराज्य में सफलतापूर्वक क्रियान्वित की गई है और पिछले 30 वर्षों से प्रचालित है, दो अन्य देशों अर्थात केवल ईरान और जापान में लागू है। अध्ययन के भाग के रूप में, मूल डिजाइन की समीक्षा और ईआईएल द्वारा तैयार की जाने वाली डीएफआर के लिए विदेशी बैक अप सलाहकार लगाना अपेक्षित होगा।

ईआईएल ने चारों साइटों के लिए डीएफआर प्रस्तुत कर दिए हैं। पादुर स्थित गांववासियों द्वारा प्रतिरोध करने पर डीएफआर की क्षमताओं को संशोधित किया गया था। स्थानों पर प्रस्तावित क्षमता निम्नानुसार है:

1. पादुर – 2.5 एमएमटी (भूमिगत रॉक कैवर्नस)
2. चंडीखोल – 3.75 एमएमटी (भूमिगत रॉक कैवर्नस)
3. बीकानेर – 3.75 एमएमटी (साल्ट कैवर्नस)
4. राजकोट – 2.5 एमएमटी (भूमिगत कन्क्रीट टैंक्स)

लाभांश

आपके निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2013 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए किसी भी लाभांश की सिफारिश नहीं की है।

जनता की जमाराशियां

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 58ए के तहत कोई भी सार्वजनिक जमा स्वीकार नहीं किया है।

लेखा परीक्षा समिति

लेखा परीक्षा समिति में निम्न तीन गैर कार्यकारी निदेशक शामिल हैं :

1 श्री राजीव कुमार, अतिरिक्त सचिव, एमओपी एंड एनजी – अध्यक्ष

2 श्री एल. एन. गुप्ता, सचिव, ओआईडीबी – सदस्य

3 श्री आर. के. सिंह, संयुक्त सचिव (आर), एमओपी एंड एनजी – सदस्य

समिति के सभी सदस्य संगत अनुभव रखते हैं। लेखा परीक्षा समिति का गठन और संदर्भ की शर्तें कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 292ए की सभी अपेक्षाओं को पूरा करती है।

लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सी एंड ए जी) ने मैसर्ज जे डी ए एंड कं., चार्टर्ड एकाउटेंट्स, नई दिल्ली को कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया है जिन्होने 31 मार्च, 2013 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के खातों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

31 मार्च, 2013 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की वित्तीय विवरणियों के कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619(3) (बी) के अधीन किए गए अनुपूरक लेखा परीक्षा के आधार पर, सीएंडएजी को उसकी जानकारी में ऐसा कोई महत्वपूर्ण तथ्य नहीं आया है जो किसी टिप्पणी या कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619(4) के तहत सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर किसी अनुपूरक का कारण बने।

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्ययोगिकी आमेलन तथा विदेशी मुद्रा अर्जन और खर्च

चूंकि कंपनी ने अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं किया है, अतः कंपनी के पास ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्ययोगिकी आमेलन से संबंधित प्रकाशन हेतु कोई सूचना नहीं है।

वर्ष के अधीन कंपनी को कोई विदेशी मुद्रा अर्जन नहीं हुआ है, तथापि, समीक्षाधीन अवधि के दौरान 353.65 लाख रूपये तक की विदेशी मुद्रा अपनी व्यापार गतिविधियों के लिए इस्तेमाल की है।

कर्मचारियों का विवरण

कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2ए) के अधीन कंपनी का कोई कर्मचारी नहीं है जिसके लिए विवरणी प्रस्तुत की जानी अपेक्षित हो।

निदेशकों के उत्तरदायित्व का उल्लेख

निदेशकों के उत्तरदायित्व विवरण से संबंधित कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2एए) के अनुसरण में, यह एतद् द्वारा पुष्टि की जाती है कि :

1. 31 मार्च, 2013 को समाप्त वित्तीय वर्ष के वार्षिक लेखों को बनाते हुए लेखों के लिए निर्धारित लेखा मानकों का अनुसरण किया गया है;
2. निदेशकों ने ऐसी लेखा नीतियों को चुना तथा उन्हें अनवरत लागू किया और ऐसे निर्णय लिए व अनुमान लगाए जो तर्कसंगत एवं न्यायसंगत थे ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी की कार्य प्रणाली पर एक सत्य व स्पष्ट अवलोकन प्रस्तुत हो;
3. निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की रक्षा के लिए तथा धोखाधड़ी व अन्य अनियमितताओं को रोकने एवं ढूंढने के लिए कंपनी अधिनियम 1956 के प्रावधानों के अनुसार उचित व पर्याप्त सावधानी बरती है;
4. निदेशकों ने 31 मार्च, 2013 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लेखे 'गोइंग कंर्सन' के आधार पर तैयार किए हैं।

निदेशक मंडल

आपके निदेशक मंडल में वर्तमान में 5 अंश कालिक गैर–कार्यपालक निदेशक (पदेन) हैं जो इस प्रकार हैं:–

1	श्री विवेक रे, सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएंडएनजी)	–	अध्यक्ष
2	श्री राजीव कुमार, अतिरिक्त सचिव, एमओपी एंड एनजी	–	निदेशक
3	डा. एस. सी. खुंटिआ, अतिरिक्त सचिव व वित्तीय सलाहकार, (एमओपीएंडएनजी)	–	निदेशक
4	श्री एल. एन. गुप्ता, सचिव, ओआईडीबी	–	निदेशक प्रभारी
5	श्री राजेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव (आर), (एमओपीएंडएनजी)	–	निदेशक

1 अप्रैल, 2012 से कंपनी के निदेशकों में निम्नानुसार बदलाव हुआ है :

1) डॉ. एस. सी. खुंटिआ, निदेशक (09.08.2012 से नियुक्त)

2) श्री विवेक रे, अध्यक्ष (08.02.2013 से नियुक्त)

3) श्री एल. एन. गुप्ता, निदेशक (17.06.2013 से नियुक्त)

4) श्री राजीव कुमार, निदेशक (17.06.2013 से नियुक्त)

5) श्री राजेश कुमार सिंह, निदेशक (15.07.2013 से नियुक्त)

6) श्री जी. सी. चतुर्वेदी, अध्यक्ष (31.01.2013 तक रहे)

7) श्री अरूण कुमार, निदेशक–प्रभारी (28.02.2013 तक रहे)

8) श्री सुधीर भार्गव, निदेशक (03.06.2013 तक रहे)

9) श्री एल. एन. गुप्ता, निदेशक (पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय से सयुंक्त सचिव (आर) की पदवी से मुक्त होने की वजह से 5 जून, 2013 तक रहे)

10) श्री वी.एल.वी.एस.एस.राव, निदेशक (07.03.2013 से 09.06.2013 तक नियुक्त)

अभिस्वीकृति

आपका निदेशक मंडल, भारत सरकार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा ओआईडीबी को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन तथा समर्थन के लिए धन्यवाद देता है।

बोर्ड के लिए तथा बोर्ड की ओर से

ह0/–	**ह0/–**
(डा. एस. सी. खुंटिआ)	**(आर. के. सिंह)**
निदेशक	**निदेशक**
(डिन 05344972)	**(डिन 05193269)**

दिनांक : 18.11.2013
स्थान : नई दिल्ली

लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्वस लिमिटेड के सदस्यों को

हमने इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्वस लिमिटेड (आईएसपीआरएल) के 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के संलग्न तुलन पत्र तथा उस तिथि पर समाप्त वर्ष के लाभ हानि लेखों एवं नकद प्रवाह विवरणी का लेखा परीक्षण किया। कंपनी प्रबंधन इन वित्तीय विवरणियों को तैयार करने के लिए उत्तरदायी है। हमारा कार्य अपनी लेखा परीक्षा के आधार पर इन विवरणियों पर अपने विचार व्यक्त करना है।

भारत में प्रचलित मान्य लेखा मानकों के आधार पर हमने लेखा परीक्षा की। इन मानकों द्वारा यह अपेक्षित है कि लेखा परीक्षा का विनियोजन व निष्पादन इस तरह से करें ताकि यह आश्वासन दिया जा सके कि वित्तीय ब्यौरे आर्थिक त्रुटि रहित हैं। लेखा परीक्षा का तात्पर्य जांच के आधार पर, वित्तीय विवरणियों में प्रभारित राशि तथा इसके खुलासे के संदर्भ में अपेक्षित प्रमाण की संपूर्ण जानकारी प्राप्त करना है। लेखा परीक्षा में प्रयोग किए जाने वाले लेखा सिद्धांतों तथा प्रबंधन द्वारा लगाए गए महत्वपूर्ण अनुमानों का निर्धारण करने के साथ साथ संपूर्ण वित्तीय विवरणियों के प्रस्तुतिकरण का मूल्याकंन करना भी शामिल है। हमें विश्वास है कि हमारी लेखा परीक्षा हमारे द्वारा व्यक्त विचार का उचित आधार प्रदान करती है।

हम रिपोर्ट करते हैं कि :

1. जैसा कि कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 227 (4ए) के संदर्भ में केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी कंपनी के (लेखा परीक्षक रिपोर्ट) आदेश 2003 द्वारा अपेक्षित है, हम आदेश के पैरा 4 व 5 के उल्लिखित विषयों पर अपना वक्तव्य इस रिपोर्ट के साथ संलग्न कर रहे हैं।
2. उपरोक्त अनुलग्नक (1) में दिए गए अपने वक्तव्यों के संदर्भ में हम रिपोर्ट करते हैं कि :–
   i. हम वे सारी सूचनाएं एवं स्पष्टीकरण प्राप्त कर चुके हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास में लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक थी ।
   ii. जैसाकि इन पुस्तिकाओं की जाँच से हमें प्रतीत हुआ, हमारे मत में कानून की अनिवार्यताओं के अनुसार कंपनी की लेखा–पुस्तिकाएं रखी गई हैं तथा लेखा परीक्षा के लिए उन शाखाओं से उचित व पर्याप्त विवरण प्राप्त कर लिया गया है जिनका हमने मुआयना नहीं किया था।
   iii. इस रिपोर्ट में प्रदत्त तुलन पत्र तथा लाभ–हानि लेखे का विवरण लेखा पुस्तिकाओं के अनुरूप है।
   iv. हमारे विचार से इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि वर्तमान में कंपनी का कार्य प्रतिनियुक्ति अधिकारियों (संदर्भ सं. 14.13) द्वारा संचालित किया जा रहा है, लेखा मानक – 15 द्वारा अपेक्षित सेवा निवृति हितलाभ के अप्रावधान को छोड़कर, इस रिपोर्ट में प्रदत्त कंपनी का तुलन पत्र का विवरण कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 211 की उप-धारा (3सी) में उल्लेखित मान्य लेखा नीतियों के अनुरूप है। अप्रावधान प्रभाव का निर्धारण नहीं किया गया है।
   v. सरकारी कंपनी होने के नाते, भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 21 अक्टूबर, 2003 की अधिसूचना संख्या जीएसआर 829 (ई) के अनुसार कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 274 की उप धारा (1) के खंड (जी) के तहत प्रावधान कंपनी के लिए लागू नहीं है ।
   vi. हमारी राय में तथा हमारी सर्वोत्तम सूचना तथा हमें प्राप्त स्पष्टीकरणों के अनुसार, उक्त वित्तीय विवरणों को लेखा नीतियों तथा उन पर की गई टिप्पणियों के साथ निम्न के अधीन :
      क) नोट संख्या 2.5 (i) व 14.15 (i) "स्वीप–इन–स्वीप–आउट" खाते पर अर्जित 56.78 लाख रूपये का ब्याज और 36.58 लाख रूपये का अस्थायी अग्रिम हमारी राय में एक गैर क्रियाशील आय है और प्रगतिशील कार्य की निर्माण लागत में समायोजित नहीं की जानी चाहिए जिसके कारण पूंजी डब्ल्यूआईपी इस हद तक कम बतायी जायेगी।

अधिनियम द्वारा मांगी गई सूचना अपेक्षित तरीके से देते हैं और भारत में आम तौर पर स्वीकार्य लेखा सिद्धांतो के अनुरूप निष्पक्ष सही स्थिति और समुचित तस्वीर प्रस्तुत करते हैं:

(क) 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष को कंपनी के व्यापार के तुलन पत्र के बारे में;

(ख) उस तिथि पर समाप्त वर्ष के लाभ तथा हानि लेखे के बारे में; और

(ग) उस तिथि पर समाप्त वर्ष के लिए नकद प्रवाह हेतु नकद प्रवाह विवरणी के बारे में।

कृते जे डी ए एंड कंपनी
(चार्टर्ड एकाउंटेंट्स)
एफआरएनः 015377 एन

ह0/–
सी ए नितिन अग्रवाल
(साझेदार)
एम नं. 506909

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 18 सितंबर, 2013

लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के संदर्भ में अनुलग्नक

इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्वस लिमिटेड के सदस्यों के लिए 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के खातों पर हमारी सम तिथि की रिपोर्ट के पैरा 1 में उल्लिखित अनुलग्नक।

ऐसी जांचों के आधार पर जो भी हमने उचित समझा और हमारे अंकेक्षण के दौरान हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं किः

1. क) कंपनी ने अपनी स्थाई परिसंपत्तियों के संख्यात्मक ब्यौरे सहित पूर्ण विवरण और प्रस्थिति दर्शाते अभिलेखों को सही ढंग से रखा हुआ है जिसे रजिस्टर में अद्यतन कर लिया है।

   ख) जैसा कि हमें बताया गया है, वर्ष के अंत में स्थाई परिसंपत्तियां प्रबंधन द्वारा प्रत्यक्ष रूप से सत्यापित की गई हैं। हमारी राय में, कंपनी के आकार तथा इसकी स्थाई परिसंपत्तियों की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए सत्यापन की बारंबारता यथोचित है। ऐसे सत्यापन के दौरान कोई भी विसंगतियाँ देखने को नहीं मिली।

   ग) वर्ष के दौरान, कंपनी द्वारा स्थाई परिसंपत्तियों के बड़े हिस्से का निपटारा नहीं किया गया है।

2. पैरा (ii) कंपनी को लागू नहीं है।

3. क) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार और लेखा बहियों की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 301 के अंतर्गत व्यवस्थित रजिस्टर में अधिसूचित किसी भी कंपनी, फर्म अथवा अन्य पार्टियों को किसी प्रकार का प्रतिभूत या अप्रतिभूत ऋण नहीं दिया है।

   ख) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार और लेखा बहियों की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 301 के अंतर्गत व्यवस्थित रजिस्टर में अधिसूचित किसी भी कंपनी, फर्म अथवा अन्य पार्टियों से किसी प्रकार का ऋण नहीं लिया है।

4. हमारी राय में तथा हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरणों के अनुसार, स्थाई परिसंपत्तियों के क्रय से संबंधित कंपनी के आकार और उसके व्यवसाय की प्रकृति के अनुरूप आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाएं पर्याप्त हैं। आगे, भारत में सामान्यः स्वीकृत लेखा–परीक्षण सिद्धांतो के अनुसार पूरे किए गए कंपनी की बहियों एवं अभिलेखों की हमारे परीक्षण के आधार पर, उक्त आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाओं में प्रमुख कमजोरियों को सुधारने में निरंतर मिल रही किसी भी असफलता का ना तो हमें संयोगवश पता लगा, ना ही हमें सूचित किया गया।

5. हमारी राय में तथा प्रबंधन द्वारा हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरणों के अनुसार, उक्त धारा के अनुसरण में ऐसा कोई लेनदेन नहीं हुआ जिसे कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 301 के अधीन बनाए गए रजिस्टर में दर्शाने की अवश्यकता हो।

6. कंपनी अधिनियम की धारा 58ए तथा 58 एए और इसके अधीन बनाए गए नियमों के अंतर्गत कंपनी ने सामान्य जनता से कोई जमा स्वीकार नहीं किया है ।

7. हमारी राय में, कंपनी में एक आंतरिक लेखा परीक्षण प्रणाली है जिसे इसके आकार एवं इसके व्यापार की प्रकृति के अनुरुप बनाने हेतु उसे मजबूत करने की आवश्यकता है ।

8. भारत की केन्द्रीय सरकार ने कंपनी के किसी भी उत्पादों के लिए अधिनियम की धारा 209 की उपधारा (1) के खंड (डी) के अधीन लागत रिकार्डों का रख–रखाव निर्धारित नहीं किया है।

9. क) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण तथा हमारे द्वारा परीक्षित कंपनी के अभिलेखों के अनुसार, हमारे विचार में, कंपनी उपयुक्त प्राधिकरणों को निर्विवाद सांविधिक देय राशि, सामान्यतः नियमित रूप से जमा करती रही है जिसमें आयकर, स्रोत से कटौती, सेवा कर, उपकर और अन्य वैधानिक देय राशि शामिल हैं। वर्ष समाप्ति के अनुमानों के संबंध में बाद के महीनों में टीडीएस का वास्वतिक भुगतान जमा किया है।

ख) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरणों तथा हमारे द्वारा कंपनी के परीक्षित अभिलेखों के अनुसार, कंपनी में बिक्री कर, आयकर, धन कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क तथा उपकर की कोई देय राशि बकाया नहीं है, जिसे किसी विवाद के तेहत जमा नहीं करवाया गया।

10. हमारे राय में, 31 मार्च, 2013 को कंपनी की संचित हानि निवल मूल्य (नेट वर्थ) के 50 प्रतिशत से कम है। कंपनी द्वारा उस तिथि पर समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान एवं तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में नकद हानि उठाई गई है।

11. कंपनी ने वित्तीय संस्थानों या बैंकों से किसी तरह का ऋण नहीं लिया है तथा इसके अतिरिक्त कंपनी द्वारा कोई डिबेंचर जारी नहीं किया गया है।

12. अभिलेखों की हमारी जांच तथा हमें प्रदत्त सूचना एवं स्पष्टीकरणों के अनुसार, हमारी राय है कि कंपनी ने शेयरों, डिबेंचरों के अलावा धरोहर के आधार पर ठेकेदारों को अस्थायी एवं अभिप्रेरण अग्रिम के रूप में ऋण तथा अग्रिम राशि प्रदान की है।

13. पैरा (xiii) कंपनी को लागू नहीं है।

14. हमारी राय में, कंपनी शेयरों, डिबंचरो, प्रतिभूतियों तथा अन्य निवेशों में लेनदेन या व्यापार नहीं कर रही है।

15. हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, वित्तीय संस्थानों या बैंकों द्वारा किसी अन्य द्वारा लिए गए ऋणों की गारंटी कंपनी ने नहीं दी है।

16. लेखा परीक्षा की प्रक्रिया और प्रबंधन द्वारा हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के आधार पर, हम रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी ने वर्ष के दौरान कोई मियादी ऋण नहीं लिया है।

17. हमारी राय में और हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरणों के अनुसार और 31 मार्च, 2013 को कंपनी के तुलन पत्र के एक संपूर्ण परीक्षण के आधार पर हम रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी द्वारा अल्पावधि पर लिया गया धन दीर्घावधि निवेश के लिए प्रयोग नहीं किया गया है।

18. हमें सूचित किया गया है कि वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 301 के अधीन बनाए हुए रजिस्टर में शामिल पार्टियों और कंपनियों को शेयरों का प्राथमिकता के आधार पर कंपनी द्वारा आबंटन किया गया है। कंपनी, तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी) की 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली कंपनी है।

19. कंपनी द्वारा डिबेंचर जारी नहीं किए गए हैं और इसलिए डिबेंचर जारी करने के संबंध में धरोहर के सृजन के बारे में रिपोर्ट करने की आवश्यकता का प्रश्न ही नहीं उठता।

20. वर्ष के दौरान कंपनी ने जनता निर्गमन द्वारा कोई रकम नहीं उठाई है।

21. लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को पूरा करने और हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के आधार पर, हम रिपोर्ट करते हैं, कि वर्ष के दौरान, हमारे सामने कंपनी के विरूद्ध की गई या कंपनी द्वारा की गई धोखाधड़ी की कोई सूचना या खबर नहीं आई और न ही हमें प्रबंधन की ओर से इस तरह की सूचना दी गई है।

कृते जे डी ए एंड कंपनी

(चार्टर्ड एकाउंटेंट्स)

एफआरएनः 015377 एन

ह0/–
सी ए नितिन अग्रवाल
(साझेदार)
एम नं. 506909

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 18 सितंबर, 2013

वार्षिक लेखे
2012-2013

इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्वस लिमिटेड
31 मार्च, 2013 का तुलन पत्र

विवरण	नोट संख्या	31 मार्च, 2013 को	31 मार्च, 2012 को
इक्विटी एवं देनदारियां		**₹**	**₹**
शेयर धारक निधि			
(क) शेयर पूंजी	3	19,692,680,200	14,509,975,830
(ख) भंडार और अधिशेष	4	(205,249,747)	(116,749,848)
		19,487,430,453	**14,393,225,982**
शेयर आवेदन राशि लंबित आवंटन	3.3	3,742,100,000	811,204,370
गैर–मौजूदा देनदारियां			
(क) अन्य दीर्घकालिक देनदारियां	5	466,192,595	314,446,870
चालू देनदारियां			
(क) व्यापार देनदारियां	6	1,302,198,745	921,672,095
(ख) अन्य चालू देयताएं	7	195,288,018	728,879,133
(ग) अल्पावधि प्रावधान	8	1,434,729	18,542,070
		1,498,921,492	**1,669,093,297**
योग		**25,194,644,540**	**17,187,970,519**
परिसंपत्तियां			
गैर–मौजूदा परिसंपत्तिया			
(क) अचल परिसंपत्तियां			
(i) वास्तविक परिसंपत्तियां	9ए	1,351,303,848	1,435,085,035
(ii) मुख्य काम प्रगति में	9बी	22,912,639,804	14,880,333,737
(ख) दीर्घकालिक ऋण एवं अग्रिम	10	401,146,045	391,254,415
		24,665,089,697	**16,706,673,187**
चालू परिसंपत्तियां			
(क) नकद और नकद के समकक्ष	11	89,613,439	85,953,418
(ख) अल्पकालिक ऋण एवं अग्रिम	12	439,941,405	395,343,914
		529,554,843	**481,297,332**
योग		**25,194,644,540**	**17,187,970,519**
वित्तीय विवरणों की अतिरिक्त सूचना	1 से 15		

हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते जेडीए एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
एफआरएन 015377एन

ह0/–
(नितिन अग्रवाल)
साझेदार
एम नं. 506909

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 18.09.2013

निदेशक मंडल के लिए तथा उनकी ओर से

ह0/–
(आर. के. सिंह)
निदेशक

ह0/–
(डा. एस. सी. खुंटिआ)
निदेशक

ह0/–
(एस. आर. हास्यागर)
मुख्य वित्त अधिकारी

ह0/–
(राजन के. पिल्लै)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 18.09.2013

इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्वस लिमिटेड

31 मार्च, 2013 वर्ष तक का लाभ व हानि विवरण			
विवरण	**नोट संख्या**	**31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए**	**31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए**
व्यय		**₹**	**₹**
(क) मूल्यह्रास और परिशोधन खर्च	9ए	81,674,712	33,695,276
(ख) अन्य खर्चे	13	1,642,483	2,728,202
(ग) स्टांप शुल्क	13ए	5,182,704	9,317,435
कुल व्यय		**88,499,899**	**45,740,913**
(हानि) अप्रवाद और असाधारण मदों और करों से पूर्व		(88,499,899)	(45,740,913)
अप्रवाद मदें–स्टांप शुल्क (नोट नं. 14.7 (iv) का संदर्भ लें)		-	21,016,693
कर व्यय			
पूर्व वर्षों से संबंधित वर्तमान कर व्यय		-	-
(हानि) लगातार प्रचालनों से		(88,499,899)	(24,724,220)
(हानि) वर्ष के लिए		(88,499,899)	(24,724,220)
(हानि) प्रति शेयर (10 रूपये का प्रति शेयर)	15.3		
(क) मूलभूत	15.3.ए	(0.04)	(0.02)
(ख) मिश्रित	15.3.बी	(0.04)	(0.02)
वित्तीय विवरणों की अतिरिक्त सूचना	1 से 15		

हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
कृते जेडीए एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
एफआरएन 015377एन

ह0/–
(नितिन अग्रवाल)
साझेदार
एम नं. 506909

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 18.09.2013

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

ह0/–
(आर. के. सिंह)
निदेशक

ह0/–
(डा. एस. सी. खुंटिआ)
निदेशक

ह0/–
(एस. आर. हास्यागर)
मुख्य वित्तीय अधिकारी

ह0/–
(राजन के. पिल्लै)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 18.09.2013

इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्वस लिमिटेड
वित्तीय विवरणों का हिस्सा बने नोट्स

नोट	विवरण
1.	**कॉर्पोरेट जानकारी** इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्वस लिमिटेड 16 जून, 2004 को आईओसीएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में निगमित हुई। कंपनी के संपूर्ण शेयर ओआईडीबी तथा उनके नामितियों द्वारा 9 मई, 2006 को अधिगृहित कर लिए गए थे। कंपनी का मुख्य उद्देश्य कच्चे तेल के स्टॉक का स्वामित्व, कच्चे तेल की सूची पर नियंत्रण करना एवं स्टॉक के प्रतिस्थापन का समन्वय सरकार के विशेष निर्देश के अनुसार करना और भंडारण, हैंडलिंग, निर्वहन, ढुलाई, परिवहन, प्रेषण, आपूर्ति, बाजार, अनुसंधान, सलाह, परामर्श, सेवा प्रदाताओं, दलालों और एजेंटों, इंजीनियरिंग और सिविल डिजाइनरों, ठेकेदारों, घटवालों, गोदाममालिकों, उत्पादकों, तेल और तेल उत्पादों, गैस और गैस उत्पादों, पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों,ईंधन, स्प्रिट, रसायन, सभी प्रकार और तरह के तरल पदार्थ के डीलरों और यौगिकों, डेरिवेटिव्स, मिश्रण, तैयारी और उसके उत्पादों संबंधी कार्य संपादित करना है ।
2.	**महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां**
2.1	**लेखांकन का आधार** वित्तीय विवरण, लेखांकन के प्रोद्भवन आधार पर ऐतिहासिक लागत परिपाटी के अधीन, कंपनी अधिनियम, 1956 की अपेक्षाओं के अनुपालन में और कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 211 (3सी) में निर्दिष्ट भारत के सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा निर्गमित लेखांकन मानकों के अनुसार, तैयार किए गए हैं।
2.2	**अनुमानों का उपयोग** वित्तीय विवरण सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन नीतियों के अनुरुप तैयार किए गए हैं जिसके अनुसार प्रबंधन वर्ग को प्राक्कलन तथा पूर्वानुमान लगाना होता है जो परिसंपत्तियों तथा देयताओं की प्रतिवेदित राशियों को प्रभावित करता है। साथ ही यह वित्तीय विवरण की तिथि पर आकस्मिक परिसंपत्तियों तथा देयताओं के प्रकटन और प्रस्तुत वर्षों कें राजस्व व व्यय के प्रतिवेदित लेखों को प्रभावित करता है।
2.3	**स्थायी परिसंपत्तियां / अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियां** स्थायी परिसंपत्तियां सभी स्थायी परिसंपत्तियां, कम संचित मूल्य–ह्रास पर बताई जाती हैं। लागत में खरीद मूल्य तथा उदिष्ट प्रयोग हेतु परिसंपत्तियों को चालू अवस्था तक लाने तक के अन्य सभी आरोपित खर्च शमिल हैं। स्थायी पटटे और साथ ही साथ 99 वर्षो से अधिक के लिए पट्टे पर ली गई जमीन को पूर्ण स्वामित्व वाली जमीन के रूप में माना गया है । 99 वर्षों या इससे कम के लिए पट्टे पर ली गई जमीन को पटट्धृत जमीन माना गया है । अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियां अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियां मानी जाती हैं यदि : - यह संभावना हो कि भविष्य के आर्थिक लाभ, जो परिसंपत्तियों से संबंधित हैं, कंपनी को प्राप्त होंगे।

नोट	विवरण
	और
	- परिसंपत्तियों की लागत / उचित मूल्य विश्वसनीय रुप से आंका जा सकता है।
2.4	**मूल्य–ह्रास और ऋण मुक्ति**
	मूल्य–ह्रास, कंपनी अधिनियम, 1956 की अनुसूचि XIV में उल्लिखित दर पर ह्रासित मूल्य पद्धति पर प्रदान किया जाता है।
	जमीन की लागत को वर्षों की संख्या या उसके भाग के अनुसार पटटे् की शेष अवधि में परिशोधित किया जाता है।
2.5	**राजस्व मान्यता : निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा आंबटन और खर्चों का संविभाजन**
i)	स्ट्रेटेजिक ऑयल रिजर्वस के लिए परियोजना कार्यान्वयन के अधीन है और कंपनी ने अभी व्यवसायिक प्रचालन प्रारंभ नहीं किया है। भारत के सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा अमूर्त परिसंपत्तियों पर लेखा मानक 26 का अनुपालन करने के लिए लाभ तथा हानि के लेखे तैयार किए गए हैं। लेखा मानक 10 के अनुसार, स्थाई परिसंपत्तियों, परियोजना पर जो खर्च आरोपित नहीं है, लाभ तथा हानि खाते में परिवर्तित कर दिए हैं।
ii)	परियोजना विकास, संभाव्यता अध्ययन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का शुल्क, परियोजना प्रबंधन परामर्श शुल्क, भूमि अधिग्रहण व्यय, ठेकेदारों को किए गए भुगतान (भूमिगत / भूमि के ऊपर), विज्ञापन खर्चे, बीमा किस्तें, भूमिगत कार्यो के लिए सप्लाई किए गए डीजल की कीमत आदि खर्चे 'निमार्ण कार्य प्रगति' पर है, के रूप में दिखाए गए हैं।
iii)	अप्रत्यक्ष / प्रासंगिक खर्चे (प्रधान कार्यालय के खर्चों सहित) सभी तीनों परियोजनाओं अर्थात विशाखापट्टनम, मंगलौर और पादुर में वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर प्रत्यक्ष खर्च के अनुपात में बांटे गए हैं ।
iv)	बीमा दावों का हिसाब, दावे के निपटान के समय किया जाता है।
2.6	**प्रावधान तथा आकस्मिक व्यय**
